# कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक गांधी स्मारक चिकित्सालय रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 6159 /क्रय/जी.एम.एच./2020 रीवा,दिनांक 09/6/20

## सीमित निविदा सूचना (~~प्रथम~~ द्वितीय आमंत्रण)

श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा, संबद्ध चिकित्सालय, छात्रावासों में स्थापित आर.ओ. सिस्टम, वाटर कूलर ए.सी. की वार्षिक **सी.एम.सी.(कम्प्रेहेन्सिव मेंटेनेंस कॉस्ट–रिपेयरिंग, आवश्यकतानुसार पार्ट्स बदलना, सर्विस चार्ज आदि)** हेतु सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार दिनांक 17.06.2020 को शाम 05.00 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक जी.एम.एच. रीवा के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। सीमित निविदा फार्म एवं शर्तें चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाइट http://ssmcrewa.com/ से डाउनलोड करें। निविदा दिनांक 18.06.2020 को दोपहर 01.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में खोली जावेगी।

### सीमित निविदा की शर्तें:–

1. निविदा प्रपत्र के साथ सीमित निविदा आवेदन का मूल्य रू. 500.00(पांच सौ) एवं अमानत राशि 10000.00(दस हजार मात्र) रिजर्व बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी वाणिज्यिक बैंक का डीडी. पृथक–पृथक जो मुख्य कार्यपालन अधिकारी एंव अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के नाम से देय हो लगाना अनिवार्य होगा। इसके बिना सीमित निविदा स्वीकार नही की जावेगी। डाउनलोड किए निविदा प्रपत्र के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा।
2. अमानत राशि एवं निविदा प्रपत्र का डीडी लिफाफा "A", अन्य दस्तावेज लिफाफा "B", एंव दर लिफाफा "C", सीलबंद कर बडे लिफाफा "D", में प्रस्तुत की जावेगी।
3. दरें उन्ही निविदाकारों की खोली जावेगी जिनके लिफाफा "A", एंव "B", के दस्तावेज मांगे अनुसार होंगे।
4. सफल निविदाकार को कार्य आदेश जारी करने के उपरांत अधिकतम 07 दिवसों के भीतर कार्य करना अनिवार्य होगा। कार्य न करने की दशा में एल–2 से कार्य करा लिया जावेगा एवं एल–1 की अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी।

Scanned with CamScanner

5. निविदाकर्ता को प्रत्येक माह उपकरणों का निरीक्षण करना होगा। आवश्यकता पड़ने पर सूचना देने के पश्चात 24 घंटे की भीतर उपस्थित होकर कार्य संपादित करना होगा।
6. सी.एम.सी. का भुगतान त्रैमासिक रूप से प्रभारी अधिकारी विद्युत शाखा जी.एम.एच. /संबंधित विभागाध्यक्षों/छात्रावास वार्डन से सत्यापन उपरांत किया जावेगा। प्रत्येक बार किए निरीक्षण की सर्विस रिपोर्ट संधारित करनी होगी। सर्विस रिपोर्ट की एक प्रति सी.एम.सी. के देयक के साथ लगाना अनिवार्य होगा।
7. केन्द्र/राज्य शासन द्वारा लागू जी.एस.टी. नियमानुसार पृथक से देय होगा। दरें बिना कर के ही भरी जावें। देयक में लागू जी.एस.टी. पृथक से दर्शाना अनिवार्य होगा। आर.ओ. सिस्टम वॉटर कूलर एंव एसी. विभिन्न क्षमता के स्थापित हैं, अतः औसत दर निकाली जावेगी व न्यूनतम दर की निविदा स्वीकार की जावेगी।
8. सी.एम.सी के दौरान सभी उपकरण 24X7 चालू होना चाहिए तथा जो भी सामग्री लगाई जावे वह उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए।
9. शासन हित में सभी प्रकार की निविदा या किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार संयुक्त संचालक एंव अधीक्षक के पास सुरक्षित रहेगा।
10. सीमित निविदा की दरें क्रय समिति के अनुमोदन दिनांक से एक वर्ष अथवा नई निविदा प्रभावशील होने तक वैध रहेंगी।
11. विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र रीवा होगा।

(हस्ताक्षर) 9/6/20
संयुक्त संचालक एंव अधीक्षक
गांधी स्मारक चिकित्सालय,रीवा (म.प्र)

पृ.क्र0 6159-62 /क्रय/जी.एम.एच./2020 रीवा,दिनांक 09/6/20
प्रतिलिपिः—
1. संयुक्त संचालक शाखा जनसंपर्क संचालनालय, जनसंपर्क भवन, बाणगंगा रोड भोपाल म.प्र. की ओर प्रकाशन हेतु।
2. अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय रीवा की ओर सूचनार्थ।
3. चिकित्सालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

(हस्ताक्षर) 9/6/20
संयुक्त संचालक एंव अधीक्षक
गांधी स्मारक चिकित्सालय,रीवा (म.प्र)

Scanned with CamScanner

**तकनीकी बिड हेतु प्रपत्रः— (पूर्ण रूप से भर कर एवं हस्ताक्षरित कर लिफाफे को सील बंद करें एवं लिफाफे "B" पर पर स्पष्ट रूप से उल्लेखित करें) निविदाकार द्वारा तकनीकी बिड हेतु प्रस्तुत की जाने वाली जानकारी**

| स. क्र. | तकनीकी मापदण्ड हेतु अनिवार्य दस्तावेज | संलग्न | |
|---|---|---|---|
| | | हां | नही |
| 1. | धरोहर राशि रू. दस हजार का डीडी(लिफाफा ए में जो कम से कम तीन माह हेतु वैध हो) | | |
| 2. | सीमित निविदा प्रपत्र हस्ताक्षर एवं सील सहित। | | |
| 3. | फर्म / दुकान की स्थापना पंजीयन प्रमाण पत्र | | |
| 4. | पैन कार्ड। | | |
| 5. | जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन | | |

निविदाकर्त्ता संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर ..................................................

निविदाकर्त्ता संस्था प्रमुख का नाम ..................................................

(स्पष्ट अक्षरों)

संस्था का नाम एवं पूर्ण पता एवं सील ..................................................

Scanned with CamScanner

एक वर्ष हेतु सी.एम.सी.(कम्प्रेहेन्सिव मेंटेनेंस कॉस्ट–रिपेयरिंग, आवश्यकतानुसार पार्ट्स बदलना, सर्विस चार्ज आदि का दर लिफाफा सी

| सी.एम.सी. हेतु दरें | | | | |
|---|---|---|---|---|
| स.क | विवरण | दर प्रति नग | जी.एस.टी. प्रतिशत | कुल |
| 1. | आर.ओ. सिस्टम क्षमता– 50 ली. | | | |
| 2. | आर.ओ. सिस्टम क्षमता– 100 ली. | | | |
| 3. | आर.ओ. सिस्टम क्षमता– 150 ली. | | | |
| औसत दर | | | | |
| 1. | वॉटर कूलर क्षमता– 25 ली. | | | |
| 2. | वॉटर कूलर क्षमता– 50 ली. | | | |
| 3. | वॉटर कूलर क्षमता– 100 ली. | | | |
| 4. | वॉटर कूलर क्षमता– 150 ली. | | | |
| 5 | वॉटर कूलर क्षमता– 200 ली. | | | |
| औसत दर | | | | |
| 1. | स्पिलिट एसी. क्षमता –1.5 टन | | | |
| 2. | स्पिलिट एसी. क्षमता –2 टन | | | |
| 3. | स्पिलिट एसी. क्षमता –2.5 टन | | | |
| औसत दर | | | | |
| 1. | विण्डो एसी. क्षमता –1.5 टन | | | |
| 2. | विण्डो एसी. क्षमता –2 टन | | | |
| 3. | विण्डो एसी. क्षमता –2.5 टन | | | |
| औसत दर | | | | |

निविदाकर्त्ता संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर ..................................................

निविदाकर्त्ता संस्था प्रमुख का नाम ..................................................

(स्पष्ट अक्षरों)

संस्था का नाम एवं पूर्ण पता एवं सील ..................................................

Scanned with CamScanner